परीक्षा केन्द्र : 0394–कानोड़िया पीजी महिला महाविद्यालय, जयपुर

राजस्थान विश्वविद्यालय परीक्षा हेतु महत्वपूर्ण सूचना

1. **परीक्षा प्रारंभ होने के 20 मिनट पहले परीक्षा केंद्र का दरवाजा बंद हो जायेगा और किसी भी परिस्थिति में परीक्षार्थियों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा।**

   अतः अनावश्यक असुविधा से बचने हेतु परीक्षार्थियों को निर्देशित किया जाता है कि वे परीक्षा प्रारंभ होने से 30 मिनट पूर्व आवश्यक रूप से अपने निर्धारित परीक्षा केन्द्र पर पहुँचना सुनिश्चित करें।

2. परीक्षा केन्द्र परिसर में परीक्षार्थियों को मोबाइल फ़ोन अथवा अन्य किसी भी इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस (ब्लूटूथ डिवाइस, ईयरफ़ोन, ईयरपॉड, स्मार्टवॉच, फ़िटनस वॉच इत्यादि) के साथ प्रवेश नहीं दिया जाएगा।
3. परीक्षार्थी को प्रवेश–पत्र के बिना प्रवेश नहीं दिया जाएगा। प्रथम परीक्षा के दिन परीक्षार्थी अपना प्रवेश–पत्र दो प्रतियों में अनिवार्य रूप से लेकर आयें। परीक्षा के दिन परीक्षार्थी अपना कोई भी वैध सरकारी पहचान पत्र अनिवार्य रूप से साथ लेकर आयें।
4. परीक्षा के दौरान परीक्षा केन्द्र परिसर में स्टाफ एवं परीक्षार्थियों के अतिरिक्त किसी भी अनाधिकृत व्यक्ति का प्रवेश प्रतिबंधित रहेगा।
5. उक्त निर्देशों की अवहेलना किये जाने एवं किसी परीक्षार्थी द्वारा परीक्षा के दौरान अनुचित साधन (Unfair Means) का उपयोग किये जाने पर विश्वविद्यालय नियमानुसार / कानून के प्रावधानों के अन्तर्गत उल्लंघनकर्ता के विरूद्ध उचित अनुशासनात्मक / दण्डात्मक कार्यवाही अमल में लायी जाएगी।

Seema

केन्द्राधीक्षक